E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone/Fax No :- 01372-252175

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 267 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, 14 जुलाई / 2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग
थराली।

विषयः— जनपद—चमोली में आलयू से चलियापानी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.383 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः— भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पत्र संख्या—8बी/यू0सी0पी0/06/137/2021/एफ0सी0/463 दिनांक 30—06—2022.(संलग्न)

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र जो अपर प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून को सम्बोधित है की प्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित की जाती है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, देहरादून द्वारा विषयाकिंत मोटर मार्ग निर्माण के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का अवलोकन करने पर निम्न त्रुटियाँ पाई गई हैं:—

1— बिन्दु संख्या एक के जवाब में राज्य सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम आलयू की वर्तमान मार्ग से पैदल दूरी 500 मी0 है। IRC norms के अनुसार 500 मी0 पैदल दूरी तक गांव को संयोजित माना जाता है। अतः राज्य सरकार IRC norms की प्रति के साथ प्रस्ताव को प्रेषित करने का कष्ट करें।

2— बिन्दु संख्या दो के सापेक्ष में दिया गया स्पष्टीकरण मान्य नहीं हैं। मार्ग को घने वन क्षेत्र से प्रस्तावित किया गया है। जबकि इसको वृक्ष विहीन अथवा विरल क्षेत्र से भी प्रस्तावित किया जा सकता है। अतः राज्य सरकार वैकल्पिक संरेखण का चयन कर नवीन प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

अतः आप भारत सरकार द्वारा उपरोक्तानुसार चाही गयी सूचना के आधार पर वैकल्पिक संरेखण का चयन कर नवीन प्रस्ताव तैयार कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि प्रस्ताव में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

O/c

Scanned with CamScanner

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाष: 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/137/2021/एफ.सी./463 दिनांक: 30/06/2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : जनपद –चमोली में आलयू से चलियापानी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.383 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Road/145620/2021)

सन्दर्भः अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या– 3019/ FP/UK/Road/145620/2021 दिनांक 16-06-2022

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 31.03.2022 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त प्रस्ताव में कुछ त्रुटियाँ पाई है। अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख/दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

1- बिन्दु सं0 01 के जवाब में राज्य सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम आलयू की वर्तमान मार्ग से पेदल दूरी 500 मी0 है । IRC norms के अनुसार 500 मी0 पैदल दूरी तक गांव को संयोजित माना जाता है। अतः राज्य सरकार IRC norms की प्रति के साथ प्रस्ताव को प्रेषित करने का कष्ट करें।

2- बिन्दु सं0 02 के सापेक्ष में दिया गया स्पष्टीकरण मान्य नहीं है मार्ग को घने वन क्षेत्र से प्रस्तावित किया गया है जबकि इसको वृक्ष–विहीन अथवा बिरले क्षेत्र से भी प्रस्तावित किया जा सकता है। अतः राज्य सरकार वैकल्पिक समरेखण का चयन कर नवीन प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

उपरोक्त त्रृटियों की पूर्तता के उपरांत ही प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी ।

भवदीय

(टी0 सी0 नौटियाल)
उप महानिरीक्षक, वन (के0)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(टी0 सी0 नौटियाल)
उप महानिरीक्षक, वन (के0)

Scanned with CamScanner